अमर उजाला 29/09/2020

# कोविन एप की त्रुटि ठीक करने में चंद्रन ने पाया 89वां स्थान



साईं चंद्रन शिक्षकों के साथ। संवाद

**अंबाला सिटी।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के बीसीए प्रथम वर्ष के छात्र साईं चंद्रन ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में भाग लिया। उन्होंने कोविड-19 के कोविन एप पर एक त्रुटि को ठीक करने के लिए ओपन प्रतियोगिता में देश में 89वां स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में देश से 2.35 लाख प्रतिभागियों ने अपना कोड भेजा था। इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. वीके जैन ने कंप्यूटर एप्लीकेशन के विभागाध्यक्ष श्याम रहेजा व प्राध्यापिका गायत्री को बधाई दी।

चंद्रन ने जावा स्क्रिप्ट का उपयोग करते हुए तीन घंटे में यह उपलब्धि हासिलकी। साईं चंद्रन को इस उपलब्धि के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपहार और प्रमाणपत्र से सम्मानित किया जाएगा। संवाद